## खास-खबरें

### स्कूली बस की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी और बच्चा घायल

**शाजापुर।** स्कूली बस की टक्कर से बाइक सवार परिवार घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मणपुरी पिता रतनपुरी निवासी आलोट जागीर अपनी पत्नी मंजूबाई और 13 वर्षीय पुत्र देवेंद्र के साथ बाइक पर सवार होकर ग्राम करोंदिया जा रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कूली बस ने करेड़ी-दुपाड़ा मार्ग पर शाम लगभग 5 बजे बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए जिन्हे उपचार के लिए एम्बुलेंस की मदद से शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज जारी है। लक्ष्मणपुरी ने बताया कि स्कूली बस बेहद तेजगति से चल रही थी और टक्कर मारने के बाद चालक बस सहित मौके से फरार हो गया।

### लोकसभा निर्वाचन में अधिकाधिक मतदान हेतु चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

रायसेन। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है।

# हनुमान जी जैसे राम के भक्त, वैसे ही मैं जनता का भक्त हूं, मेरे भगवान ही मेरी जनता: शिवराज

**भोपाल।**

पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान लगातार अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। मंगलवार को पूर्व सीएम ने हुनमान जयंती पर विदिशा के रंगाई स्थित हनुमान मंदिर और बाढ़ वाले गणेश मंदिर पहुंचकर दर्शन व पूजन किया और देश-प्रदेशवासियों के मंगल और कल्याण की कामना की। पूर्व सीएम ने सभी को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हनुमान जी जैसे राम के भक्त, वैसे ही मैं जनता का भक्त हूं। मेरे भगवान ही मेरी जनता है और जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। वहीं शिवराज ने विदिशा के ग्राम खिरिया से आज जन-आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया। ये यात्रा विदिशा लोकसभा के 60 से भी ज्यादा गांवों में पहुंची जहां आमजन ने श्री शिवराज सिंह चौहान का फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया और पूर्व सीएम को विजयी भव- का आशीर्वाद दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि, 500 साल के इंतजार के बाद भगवान श्रीराम की जन्मभूमि आयोध्या में दिव्य और भव्य राममंदिर का निर्माण हुआ और रामलला विराजमान हुए। बहनें दीपक जला रही थी, नौजवान भगवा पताकाएं लहरा रहे थे, लेकिन कांग्रेस पार्टी मातम मना रही थी। प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण कांग्रेस को भी दिया गया था, लेकिन उन्होंने लिखित में ऑन रिकॉर्ड कहा कि, हम नहीं जाएंगे। अब जब तक सूरज-चांद और ये धरती रहेगी ये लिखा रहेगा कि, कांग्रेस ने भगवान राम का विरोध किया था।



पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि, कई चीजें भगवान तय करता है, ये भगवान ने ही तय किया है कि मैं विदिशा संसदीय क्षेत्र में सांसद बनकर सेवा करूं, इसलिए हनुमान जी ने मुझे बुलाया है। मैं आपकी सेवा के लिए आ गया। सेवा का मतलब एक तो विकास और दूसरा जनता की जिंदगी बदलना। लाड़ली बहना से अब लखपति बहना का सफर तय करना है। मैं बड़े सपने देखता हूँ मैंने सपना देखा था कि, हर बहन का अपना एक अकाउंट हो, जिसमें हर महीने पैसे आए तो उसको सम्मान भी मिलेगा और उसकी इज्जत और विश्वास भी बढ़ेगा, तो वो सपना पूरा कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। जब देश में कांग्रेस की सरकार हुआ करती थी तो भारत की कहीं भी कोई इज्जत, मान-सम्मान नहीं था। हमारे देश को घपले-घोटालों का देश कहा जाता था, लेकिन 2014 के बाद से पूरी दुनिया में भारत का डंका बजा है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा संसदीय क्षेत्र में जन आशीर्वाद यात्रा निकाली। जन-आशीर्वाद यात्रा जिस गांव, जिस गली, जिल मोहल्ले और जिस चौराहे से भी गुजरी वहां आम जनता ने शिवराज सिंह चौहान पर फूलों की बौछारों से उनका भव्य स्वागत किया। बहनों ने घरों के सामने चौक बनाकर शिवराज को तिलक लगाया, आरती उतारी और स्वागत-सत्कार किया।

## सुभद्रा शर्मा कालेज की छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता का संदेश दिया

**गंजबासौदा।**

**यदि आप और हम अपने वोट का उपयोग न कर अपनी पसंद का नेता या सरकार नहीं चुनेगे तो उचित लोकतंत्र नहीं रहेगा। सुभद्रा शर्मा कालेज के प्राचार्य डॉक्टर सोहन कुमार यादव ने मतदान जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यक्रम में छात्राओं को शपथ दिलाई।**

कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता गतिविधि के प्रभारी प्रोफेसर इंदीवर जैन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी प्रोफेसर आरती साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए, दीवारों पर स्लोगन लिखे और नारे लिखी तख्तियां हाथ में लेकर मानव श्रृंखला बनाकर जागरुकता का संदेश दिया।

छात्राओं ने इसी कार्यक्रम के माध्यम से बताया कि मतदान लोकतंत्र की ताकत है, इसका उदाहरण आप चुनाव के समय देख सकते हैं कि एक प्रत्याशी एक वोट के लिए किस तरह घर-घर जाकर एक वोट पाने के लिए जनता से निवेदन करता है। जब नेता आपके घर और इलाके में घूम-घूम कर वोट देने के लिए गुहार लगाने पहुंचते हैं। यही सही मायने में मतदान करना ही लोकतंत्र स्थापित सकता है।

यह बात सुभद्रा शर्मा कॉलेज की छात्रा प्रतिभा राजपूत, स्नेहा चौकसे और अंकित कुशवाहा ने कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक करने के लिए बात कही।

कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने मतदान का महत्व समझाते हुए कहा है कि यदि हम मतदान नहीं करेंगे तो ऐसे नेता का चयन होगा जो लोगों की उम्मीद के अनुरूप नहीं होगा। जितना हम अपने हकों के लिए आवाज उठाते हैं, वोट करने की जिम्मेदारी भी उतनी जरूरी है। वोट करने का अधिकार हमें संवैधानिक तौर पर मिला है। ताकि हम ऐसे नेताओं का चयन कर सकें, जो जनता की उम्मीदों में खरा उतर सकें।

## वेटनरी विश्वविद्यालय की सभी इकाइयों को देख संतुष्ट हुआ रूसी दल

**जबलपुर।**

**नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय जबलपुर के कुलपति प्रोफेसर एस पी तिवारी के प्रयासों से नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय जबलपुर एवं रूस की सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटेरिनरी मेडिसिन के मध्य अनुबंध हुआ है।**

इस अनुबंध के तहत रूस से दो-दिवसीय प्रवास परआये प्रतिनिधियों वाईस रेक्टर प्रोफेसर डॉ निकितिन, डॉ लुटिक एवं हर्षा पँद्रांगी ने पशु चिकित्सा विज्ञानं एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर का भ्रमण किया। सर्वप्रथम प्रतिनिधियों ने एनिमल हाउस का भ्रमण किया जिसमे उन्होंने विभिन्न लेबोरेटरी एनिमल के रखरखाव एवं प्रबंधन के बारे में जाना। इसके पश्चात पशु चिकित्सा परिसर के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया।

पशु चिकित्सा परिसर में विभिन्न प्रकार के रोगो से ग्रसित जानबरो का परीक्षण एवं उनका इलाज के बारे में जानकारी ली। विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिनिधियों को ई सी जी, अल्ट्रासोनोग्राफी, सी टी स्कैन एवं एक्स रे जैसे उन्नत निदान उपकरण के बारे में जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त पशु चिकित्सा परिसर में पेट पार्लर, ऑपरेशन थिएटर, इंडोर वार्ड, पशु औषधि विभाग में उपस्थित थनैला प्रयोगशाला एवं पशु मादा रोग विभाग में उपस्थित सीमेन प्रयोगशाला का भी भ्रमण किया।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर धरा को बचाने का संकल्प

**सीहोर।**

**प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अंतर्गत एक पखवाड़े का आयोजन की शुरूआत शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम से की गई है। समिति ने पहले दिन विचार गोष्ठी के साथ ही परिसर में पौधा रोपण के साथ ही इसके संरक्षण करने का संकल्प लिया।**

इस मौके पर केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। प्लास्टिक के दुष्प्रभावो के बारे में बताते हुए कहा कि प्लास्टिक का दैनिक जीवन में बढ़ता हुआ उपयोग पर्यावरण के लिए घातक है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुद्ध पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए यहां पर मौजूद लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

पृथ्वी पर जीवन को कायम रखने में सबसे आवश्यक- शहर के वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन को कायम रखने में सबसे आवश्यक है कि पर्याप्त प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता के साथ अनुकूल पर्यावरण बना रहे। इस महत्त्व को समझाने के लिए वर्ष 1970 से दुनिया के 192 देश प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। पर्याप्त प्राकृतिक संसाधन व अनुकूल पर्यावरण के बिना पृथ्वी पर जीवन विल्कुल भी संभव नहीं है। पिछले कुछ दशकों में अपर्याप्त होते प्राकृतिक संसाधन व प्रतिकूल होते पर्यावरण के चलते यह चिंता लगातार गहराती जा रही है कि पृथ्वी पर जीवन को कैसे कायम रखा जाए। हमारा देश और प्रदेश अछूता नहीं रह गया है। लगातार बढ़ती जनसंख्या, दिशाहीन विकास और प्रकृति व पर्यावरण के अंधाधुंध दोहन के कारण आज हवा पानी और मिट्टी प्रदूषित हो चुके हैं। विश्व पृथ्वी दिवस एक ऐसा अवसर है जब हम पृथ्वी को जीवनदायी बनाए रखने का संकल्प ले सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना- केन्द्र के प्रभारी नटवर सिंह ने कहा कि इस दिन को मनाने का मकसद पर्यावरण को होने वाले खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना है और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। भूस्खलन, ग्लोबल वॉर्मिंग और प्रदूषण के कारण पर्यावण को अत्यधिक नुकसान पहुंचता है। ऐसे में यदि व्यक्ति अपने स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का प्रण ले तो हमारी पृथ्वी फलती-फूलती रहेगी, यह दिन आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी और इसके पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा और संरक्षण के लिए हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है।

इस मौके पर जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के द्वारा लगातार एक पखवाड़े 15 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विश्व पृथ्वी दिवस के अंतर्गत किया जाएगा।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### भोपाल में ऐतिहासिक...

का होगा। रोड शो में 200 से अधिक मंचों पर अलग-अलग प्रकार से पीएम मोदी का अभिनंदन होगा। कलाकार, साधु संत, अलग-अलग वर्गों के लोग पीएम मोदी का स्वागत रोड शो में करेंगे। दुल्हन की तरह भोपाल सजेगा। बंगाली समाज की बहने शंखध्वनि के साथ अभिनंदन करेंगे। व्यापारी भी अपने प्रतिष्ठान से पीएम मोदी का स्वागत, अभिनंदन करेंगे। सांस्कृतिक झांकिया भी रहेंगी। उन्होंने भोपाल और एमपी के लोगों से अपील की कि जैसे विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी के मन में एमपी का नारा दिया था वैसे सभी से एक बार फिर आग्रह है कि लोकसभा चुनाव के दौरान भी पीएम मोदी के मन में एमपी का भाव दिखाएं। सीएम यादव ने कहा कि मैंने कांग्रेस का मेनिफेस्टो देखा जिसमें लिखा है कि किसी वर्ग विशेष के लिए बात कही गई है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी कहा था कि सभी तरह के संसाधनों पर हक मुसलमानों का है। कांग्रेस के मेनिफेस्टो में फिर इस बात को कहा गया है। इसके लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। इस बात की मैं निंदा करता हूं। कांग्रेस की फितरत में ही रहा है कि जो कहते हैं उससे मुकर जाते हैं। वोटिंग कम होने को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार अप्रेल में चुनाव हुए हैं जबकि पिछले लोकसभा चुनाव में मई में वोटिंग हुई थी। इस समय फसल कटाई का दौर चल रहा है और शादी विवाह का सीजन भी चल रहा है। इसलिए वोटिंग कम हुई है। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर के प्रचार में न आने को लेकर कहा कि वे प्रचार करने जाएंगी। पीएम मोदी के भोपाल आने को लेकर कहा कि हम चुनाव लड़ रहे हैं तो जनता के बीच वोट मांगने के लिए आना पीएम मोदी की विनम्रता का परिचायक है।

### इंडी गठबंधन के आधे...

लगे हैं। इंडी गठबंधन दो बातों के लिए बना है, एक तो ऐसे परिवारवादी हैं जो अपने परिवार को बचाने में लगे हैं, दूसरे भ्रष्टाचार को बचाने में लगे हैं। इन्हें और कोई काम नहीं है। सारे घोटालेबाज एक दूसरे को बचाने में लगे हैं।

उन्होंने विपक्षी दलों की रैलियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये रैली करते हैं तो दो कुर्सियां खाली रखते हैं और कहते हैं कि उनके दो मुख्यमंत्री जेल गए हैं, उनके लिए दो कुर्सी खाली रखी हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि सभी लोग चार जून का इंतजार करें, उसके बाद पीएम मोदी की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम और तेज होगी और और लोगों को जेल होगी। उन्होंने इंडिया गठबंधन के जेल जाने वाले और जमानत पर चल रहे नेताओं के नाम गिनाते हुए कहा कि गठबंधन के आधे नेता 'बेल' पर हैं और आधे जेल में हैं। सतना में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बरगी डैम से नर्मदा मैया का पानी भी सतना में आएगा, जिससे किसानों के खेत, खलिहान हरियाली से भर जायेंगे। आज सतना में 272 करोड़ रूपए की लागत से रेलवे स्टेशन निर्माण हो रहा है। कुछ समय बाद रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट में अंतर नहीं पता चल पायेगा। ये बदलता भारत नहीं है, बल्कि अब भारत बदल चुका है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम ने वनवास के दौरान सबसे ज्यादा समय हमारे प्रदेश की धरती चित्रकूट पर गुजारे। वहां पर वे 11 साल रहे। इसी तरह भगवान श्रीकृष्ण भी उज्जैन में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आए। आज हनुमान जी की जयंती है और भगवान राम जब चित्रकूट से आगे बढ़े थे, तब उनकी भेंट हनुमान जी से हुई थी। अब हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में जहां-जहां भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण ने लीलाएं की हैं वहां-वहां तीर्थ स्थलों का विकास किया जाएगा। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि सरकार के इस निर्णय से जिन देवस्थानों का विकास होगा, उनमें सबसे ज्यादा देवस्थान सतना जिले में हैं।

### दलितों, पिछड़ों एवं...

चाहते थे। उन्होंने कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा कि क्या वह ऐलान करेगी कि संविधान में जो दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों को आरक्षण दिया गया है उसे कम करके मुसलमानों को नहीं देंगे। क्या देश के साथ यह वादा करेगी।

उन्होंने दो दिन पहले अपने राजस्थान दौरे के दौरान दिए गए भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने उस दौरान सत्य देश के सामने रखा, जिससे कांग्रेस और उसके गठबंधन में भगदड़ मच गई। श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने भाषण में कहा था कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीन कर उसके खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रची बैठी है। जब तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया गया तो कांग्रेस को मिर्ची लगी और इसके बाद हर तरफ मोदी को गालिया देने में लग गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से जानना चाहते है कि आखिर कांग्रेस सच्चाई से डरती क्यों है, नीतियों को छिपाने में क्यों लगी है, आपका एजेंडा बाहर आ गया हैं तो कांप रहे हो, हिम्मत है तो स्वीकार करो, हम मुकाबला करने के लिए तैयार है।

### भाजपा को वोट दें...

होने दिया। ताकि उनका वोट बैंक प्रभावित न हो। उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप किया और आज आरोपी जेल में हैं। शाह ने कथित अनियमितताओं के कारण सरकारी स्कूल कर्मचारियों की लगभग 25,000 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का भी जिक्र किया। साथ ही कहा ममता बनर्जी मां, माटी और मानुष के नारे पर सत्ता में आई थीं। संदेशखाली में मां पर अत्याचार किया गया, माटी को बांग्लादेशी घुसपैठियों को दे दिया गया और मानुष को भ्रष्टाचार की मार झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को वोट दें, ममता बनर्जी के गुंडों को उल्टा लटकाया जाएगा और सीधा किया जाएगा।

## धूमधाम से मना बाबा का जन्मदिन, गूंजा जय हनुमान

**शाजापुर।**

**जिलेभर के हनुमान मंदिरों में हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई और इस दिन बाबा को विशेष श्रंगार के साथ सजाया गया। अलसुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ हनुमान जयंती का महापर्व देरात तक बाबा हनुमान के जयकारों के बीच गूंजायमान रहा।**

वहीं मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना कर महाप्रसादी ग्रहण की। हनुमान जयंती पर मंगलवार को हनुमान मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ा और यही कारण रहा कि सुबह से ही बाबा के दर्शनों के लिए भक्तों का मंदिरों मे जमावड़ा शुरू हो गया था। एक ओर जहां मंदिरों में विशेष रूप से साज-सज्जा आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी तो दूसरी ओर सिंदूर तथा आकर्षक वस्त्रों से अद्भुत सज रहे बाबा भी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे।

हनुमान जयंती को लेकर मंदिरों में विशेष पूजा के साथ हवन, सुदंरकांड, हनुमान चालीसा, रामायण पाठ एवं भजन-कीर्तन का दौर देरात तक जारी रहा। शहर के प्रमुख मंदिरों में मुरादपुरा हनुमान, डांसी हनुमान, बालवीर हनुमान, खेड़ापति हनुमान, वीर हनुमान, टेंशन चौराहा स्थित हनुमान, फूलखेड़ी हनुमान, पंचमुखी हनुमान गिरवर हनुमान सहित अनेक हनुमान मंदिरों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं को खीर, खिचड़ी और बूंदी का प्रसादी के रूप में वितरण किया गया।

**बाबा को लगा श्रीखंड का भोग:** हनुमान जयंती के मौके पर शहर के सभी हनुमान मंदिरों में आस्था की भीड़ जमा रही। जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान कर बाबा को सुसज्जित चौला चढ़ाया गया।

इसी कड़ी में नगर के बालवीर हनुमान मंदिर पर बाबा को 51 किलो श्रीखंड का भोग लगाया गया। साथ ही डांसी के हनुमान जी को आकर्षक सजाया गया और मंदिर में विराजित भगवान श्रीराम की प्रतिमा का भी आकर्षक श्रंगार किया गया। शाम के समय महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया।

## श्री हनुमान प्रकटोत्सव पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**गंजबासौदा।**

**अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही यह पहली हनुमान जयंती है। जिसके कारण लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे देश के साथ-साथ नगर गंजबासौदा में भी हनुमान जयंती के अवसर पर सभी हनुमान मंदिरों में उत्साह पूर्वक श्री हनुमान जी का पूजा अर्चन एवं भजन मंडलीय एवं चल समारोह निकाले गए।**

श्री हनुमान जी के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर अपने महाबली श्री हनुमान जी से आराधना की और बल बुद्धि विद्या की मांग करते हुए, श्री बजरंगबली हमारी रक्षा करो का आवाहन किया। नगर में स्टेशन हनुमान मंदिर, फ्री गंज हनुमान मंदिर, नौलखी हनुमान मंदिर, मंशा पूर्ण हनुमान मंदिर, गंज वाले प्रतिष्ठित हनुमान मंदिर ,बांकडे हनुमान ,गांधी चौक में विराजे विशाल हनुमान मंदिर, विश्वकर्मा समाज के श्री हनुमान मंदिर, पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर शहर के सभी हनुमान मंदिरों में दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा सिन्नोंटा , नूरपुर, मुरादपुर, इमलाधाम में विशाल हनुमान प्रतिमाओं पर भक्तों ने पूजा अर्चन की जहां भजन मंडलियों की कीर्तन का सिलसिला दिन भर चलता रहा वहीं प्रसादी वितरण भी होता रहा।

## तेलिया तालाब पर एनजीटी का फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना:राजेंद्रसिंह

**मन्दसौर।**

**देश में वाटरमैन के नाम से प्रसिद्ध जलपुरुष राजेंद्रसिंह रविवार 21 अप्रैल को सार्थक सोशल वेलफेयर सोसाइटी के आव्हान पर मंदसौर आए। 21 तारीख को सार्थक संस्था की फाउंडर डॉक्टर उर्मिला तोमर एवं सार्थक के बड़ी संख्या में उपस्थित सदस्यों के साथ मंदसौर के ग्रामीण अंचल में भ्रमण के दौरान पानी के क्षेत्र में जमीनी कार्य करने की संभावनाओं को तलाशा।**



विभिन्न क्षेत्रों के 6 से अधिक तालाबों, एवं बड़े जलाशयों का निरीक्षण किया। सार्थक संस्था की ऊर्जावान और सक्रिय टीम के साथ में काम करने और मार्गदर्शन देने के प्रति अपनी सहमति व्यक्त की। दिनांक 22 अप्रैल पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित उद्यानिकी महाविद्यालय के सभागृह में जल पुरुष श्री राजेंद्र सिंह द्वारा सभागृह में उपस्थित जन समूह के समक्ष सार्थक संस्था के साथ काम करने और मार्गदर्शन देने की सार्वजनिक घोषणा भी उनके द्वारा की गई।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंदसौर जिले के क्षेत्र के किसान ,नगर के ऐसे प्रबुद्ध नागरिक जो सामाजिक सरोकारों में और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अपनी रुचि रखते हैं वे उपस्थित थे। नगर पालिका अध्यक्ष रामादेवी गुर्जर एवं इनरव्हील क्लब की सचिव श्रीमती शर्मिला बसेर एवं समाज के अन्य वर्गों से भी महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में रतलाम जिले से डॉ खुशाल सिंह भी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पृथ्वी दिवस के इस अवसर पर सार्थक संस्था द्वारा मंदसौर जिले के ऐसे कृषकों को सम्मानित किया गया जो अपने नवाचारों से जल संरक्षण और जैविक उत्पादों में रुचि ले रहे है एवं पृथ्वी के प्रति प्रकृति के प्रति संरक्षण में योगदान दे रहे हैं।

कार्यक्रम के पश्चात वाटर मैन श्री राजेंद्र सिंह उद्यानिकी महाविद्यालय के संवाद कक्ष में मीडिया से रूबरू हुए। यहां उन्होंने दैनिक नईदुनिया से बातचीत करते हुए जल व पर्यावरण संरक्षण को लेकर अनुभव व कई अहम सुझाव साझा किए। मंदसौर की पहचान शिवना नदी की स्थिति पर भी उन्होंने चिंता जाहिर की।

मॉनिटरिंग के सवालों पर सिंह ने कहा करोड़ों खर्च होने के बाद भी शिवना नदी की स्थिति अच्छी नहीं। वाटरमेन सिंह ने कहा कि शिवना नदी शुद्ध तभी होगी, जब शहर का एक भी गंदा नाला नदी में नहीं मिलेगा। देश में करीब 85 साल पहले ही नदियों को दूषित करने का काम शुरू हो गया था। 1932 में कमिश्नर हॉकिन्स ने बनारस में एक गंदे नाले को गंगा से जोड़ने का आदेश जारी किया था। इसके बाद से नदियों को गंदे नालों से जोड़ा जा रहा है।

शिवना से जलकुंभी हमेशा के लिए हटाने के लिए गाद को निकालना पड़ेगा। एनएसएस यूनिट, जियोग्राफी व सोशल साइंस के छात्र और पर्यावरण के शिक्षक मिलकर शिवना नदी की पब्लिक रिपोर्ट तैयार करें। काम शुरू करने से पहले नदी के उद्गम से लेकर इतिहास के बारे में जरूर जाने। शिवना नदी को लेकर जनयात्रा भी निकाली जाए। तेलिया तालाब पर हाल ही में आए एनजीटी के फैसले पर उन्होंने कहा की जलसरंचनाओं की जमीन का उपयोग अन्य किसी काम के लिए नहीं हो सकता।यदि एनजीटी ने इस पर कोई आपत्ति नहीं ली है तो ये सुप्रीम कोर्ट के आदेश की सीधी सीधी अवमानना है।

सिंह ने कहा कि 25 जुलाई 2001 के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश है कि जल संरचनाओं की जमीन का उपयोग अन्य किसी के लिए नहीं किया जा सकता है। इस दौरान डॉ. सिंह ने पर्यावरण प्रेमियों को संकल्प भी दिलवाया। पर्यावरणविद् डॉ. खुशालसिंह पुरोहित रतलाम, उद्यानिकी महाविद्यालय के डीन आरएस चुंडावत, सार्थक संस्था की संस्थापक डॉ. उर्मिला तोमर सहित अन्य पर्यावरणविद नगर के गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय के छात्रों ने वालंटियर के रूप में कार्य करते हुए बहुत कुछ सीखा और जाना। संचालन डॉ वीणा सिंह एवं श्रीमती छवि तोमर द्वारा किया गया, तकनीकी सहयोग संस्था के डायरेक्टर श्री सौरभ सिंह ने किया, श्री नरेन्द्र त्रिवेदी द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के योगदान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।